भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 5499**

जिसका उत्तर 03.04.2025 को दिया जाना है

**तेलंगाना में रिंग रोड**

5499. श्रीमती डी. के. अरुणा:

श्री इटेला राजेंदर:

श्री चमाला किरण कुमार रेड्डी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या तेलंगाना राज्य सरकार ने हैदराबाद और उसके आसपास यातायात को सुगम बनाने के लिए लगभग तीन सौ पचास किलोमीटर का क्षेत्रीय रिंग रोड बनाने का प्रस्ताव भेजा है और भूमि अधिग्रहण लागत का 50 प्रतिशत खर्च देने पर सहमति व्यक्त की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या तेलंगाना राज्य सरकार ने त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं और उसे मंत्रालय को भेज दिया है तथा राज्य सरकार द्वारा पारित मुआवजे से उत्तरी कॉरिडोर के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है तथा इसे अभी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा अनुमोदित किया जाना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केन्द्र सरकार से वित्तीय सहायता के रूप में 34,367.62 करोड़ रुपये स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के लिए पर्यावरणीय मंजूरी प्रदान करने की स्थिति क्या है तथा दक्षिणी कॉरिडोर के लिए भूमि अधिग्रहण करने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं तथा परियोजना के पूरा होने की समय-सीमा क्या है; और

(ङ) परियोजना के अनुमोदन, निधि आवंटन और कार्यान्वयन में विलंब के क्या कारण हैं तथा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कार्रवाई की गई है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) जी, हां। तेलंगाना राज्य सरकार ने हैदराबाद शहर के लिए क्षेत्रीय रिंग रोड के लिए केंद्र सरकार से अनुरोध किया है और परियोजना के भूमि अधिग्रहण लागत का 50% वहन करने का वचन-बंध दिया है।

(ख) भूमि अधिग्रहण लागत की हिस्सेदारी के लिए त्रिपक्षीय समझौते पर अभी हस्ताक्षर होना बाकी है। हैदराबाद क्षेत्रीय रिंग रोड के उत्तरी भाग के लिए संरेखण को अंतिम रूप दिया गया है।

(ग) 34,367.62 करोड़ रु. की अनुमानित लागत वाले क्षेत्रीय रिंग रोड की स्वीकृति के लिए अनुरोध प्राप्त हो गए हैं।

(घ) हैदराबाद क्षेत्रीय रिंग रोड के उत्तरी भाग के लिए पर्यावरण स्वीकृति दिनांक 18.03.2025 को प्रदान कर दी गई है। हैदराबाद क्षेत्रीय रिंग रोड के दक्षिणी भाग के लिए डीपीआर प्रगति पर है और डीपीआर के परिणाम और कार्य की पारस्परिक प्राथमिकता के आधार पर परियोजना को शुरू किया जाएगा।

(ङ.) राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास एक सतत प्रक्रिया है। सरकार को राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) की घोषणा/उन्नयन/विकास के लिए तेलंगाना राज्य सहित विभिन्न राज्य सरकारों से प्रस्ताव प्राप्त होते रहते हैं। परियोजना कार्यान्वयन और निवेश के लिए निर्णय डीपीआर के परिणाम, संपर्कता की आवश्यकता, पारस्परिक प्राथमिकता और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर लिया जाता है।

*****